उत्तरक्षेत्रीयरूपकमहोत्सवः

केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः,

श्रीरणवीरपरिसरः, कोटभलवाल, जम्मूः

भवतां सर्वेषां स्वागतम्

प्रस्तुतिक्रमः

1.	दानकेलिकौमुदी	हिमाचल-आदर्शसंस्कृतमहाविद्यालयः, हिमाचलप्रदेशः
2.	ललितमाधवम्	रघुनाथकीर्तिपरिसरः, देवप्रयागः
3.	श्रीकृष्णचन्द्राभ्युदयम्	श्रीदीवानकृष्णकिशोरसनातनधर्म-आदर्शसंस्कृतमहाविद्यालयः, अम्बाला, हरियाणा
4.	उत्तररामचरितम्	श्रीरणवीरपरिसरः, जम्मूः
5.	महावीरचरितम्	एस. डी. आदर्शमहाविद्यालयः, हिमाचलप्रदेशः
6.	वेणीसंहारम्	श्रीभगवानदास-आदर्शसंस्कृतमहाविद्यालयः, हरिद्वारम्
7.	श्रीकृष्णभक्तिचन्द्रिका	वेदव्यासपरिसरः, हिमाचलप्रदेशः

दानकेलिकौमुदी

हिमाचल-आदर्शसंस्कृतमहाविद्यालयः,

हिमाचलप्रदेशः

(संस्कृतनाटकम्)

कथासारः

रूपगोस्वामिविरचिते अस्मिन्नाटके आरम्भे न्नान्द्यन्ते सूत्रधारः नटवार्ता, ततः वृन्दावनाधिष्ठात्री वृन्दायाः श्रीकृष्णसखासुबलस्य च परस्परवार्तालापेन ज्ञातं यत् मानसीगङ्गायाः सन्निकटे गोविन्दकुण्डस्य तटवर्तिक्षेत्रे श्रीवसुदेवद्वारा यज्ञायोजनं क्रियते । तस्मिन् यजमानत्वेन तेन निजप्रतिनिधित्वेन गर्गाचार्यस्य जामाता भागुरि नियोजितः । मुनिजनैरादिष्टं यत् यस्मिन् दिने यः कोऽपि यज्ञे हैयङ्गवीनम् उपहारीकरिष्यति तस्मिन् दिने तस्य मनोऽभिलषितम् अवश्यमेव सफलं भविष्यति । अस्मिन्नवसरे गुरुभिरादिष्टा श्रीराधा स्वसखीभिः सह नवनीतपूर्णान् घटान् नीत्वा पार्श्वदेशे यज्ञमण्डपे हैयङ्गवीनविक्रयणार्थं गच्छति । मार्गे चक्रवर्ती भट्टारकमहामन्थस्योद्याने उद्यानरक्षकः करदानार्थं तासां मार्गं रुणद्धि । समाचारं ज्ञात्वा क्षेत्राधिकारी श्रीकृष्णः निजमित्रेण सुबलेन सह गोपाङ्गनाभ्यः करप्राप्त्यर्थं तत्रैवागच्छति । तत्र करदानविषये तेषां मध्ये बहुकालं यावत् माधुर्यमयः, कटाक्षपूर्णः, व्यङ्ग्यात्मकश्च विवादो प्रचलति । नान्दीमुखी मध्यस्था भवति तथापि दानकेलिकलहः न प्रशमितः । अन्ते सान्दीपनी मुनेः माता महातापसी पौर्णमासी तत्रागत्य प्रेम्णा, भक्त्या च दानकेलिविवादस्य माधुर्यमयं समाधानं करोति ।

दानकेलिकौमुदी

(संस्कृत नाटक)

हिन्दी कथासार (हिन्दी)

रूपगोस्वामी विरचित इस नाटक के प्रारम्भ में नान्दी के बाद सूत्रधार-नट वार्ता, तत्पश्चात् वृन्दावन की अधिष्ठात्री वृन्दा और श्रीकृष्ण के सखा सुबल के मध्य वार्तालाप से ज्ञात हुआ कि मानसी गङ्गा के निकट गोविन्दकुण्ड के तटवर्ती क्षेत्र में वसुदेव जी के द्वारा यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है । उस यज्ञ का यजमान अपने प्रतिनिधि के रूप में उन्होंने गर्गाचार्य के जामाता भागुरि को नियुक्त किया है । मुनिजनों ने उपदेश किया है कि - जिस दिन जिस के द्वारा हवन योग्य सुन्दर हैयङ्गवीन (नवनीत) यज्ञ में उपहारीकृत होगा उस दिन उसकी मनोकामना पूर्ण होगी । इसी अवसर पर गुरुजनों की आज्ञा से श्रीराधा जी अपनी अन्य चार सखियों के साथ सिर पर नवनीत से भरे घट लेकर पार्श्वदेश में यज्ञमण्डप में हैयङ्गवीन बेचने जाती है । मार्ग में चक्रवर्ती भट्टारक महामन्मथ के उद्यान से जाती हुई सखियों सहित राधा का मार्ग उद्यान रक्षक के द्वारा कर चुकाने हेतु रोक दिया जाता है । समाचार मिलते ही क्षेत्राधिकारी श्रीकृष्ण अपने सखा सुबल के साथ गोपाङ्गनाओं से कर प्राप्त करने हेतु वहां आ जाते हैं । कर दान करने हेतु इनमें बहुत देर तक माधुर्यमय व्यङ्ग्यात्मक विवाद होता रहता है । नान्दीमुखी मध्यस्थता करती है परन्तु कोई परिणाम नहीं निकलता । अन्त में सान्दीपनी मुनि की माता महातापसी पौर्णमासी वहां आकर बडे प्रेम और भक्तिपूर्वक विवाद का समाधान कर देती है ।

ललितमाधवम्

रघुनाथकीर्तिपरिसरः,

देवप्रयागः

कथासारः **(संस्कृतम्)**

श्रीरूपगोस्वामिपादाः स्वयमेव सूत्रधाररूपेण समागत्य नाटकरचनायाः प्रेरकस्य श्रीगोपीश्वरमहादेवस्य स्वप्नादेशं ब्रुवन्ति । ततः देवर्षेर्नारदस्यान्तेवासिनी सान्दीपनिमुनिजननी पौर्णमासी स्वशिष्यायै चन्द्रावलीराधिकयोः अतिरहस्यसमावृतं विचित्रञ्च जन्मवृत्तान्तं कथयन्ती तयोश्च विन्ध्यगिरेर्दुहितृभावं भगिनीत्वञ्च सूचयति । तत्पश्चात् विन्ध्यगिरेः राधाचन्द्रावल्यौ गोकुलं विदर्भञ्च केन अनायिषाताम् ? इति गार्ग्या जिज्ञासिते पौर्णमासी अतिरहस्यावृतं वृत्तान्तमश्रावयत् । गोवर्धनमल्लाभिमन्युगोपाभ्यां सह चन्द्रावलीराधिकयोरुद्वाहः मायाविवर्त्तादेव समापादित इति प्रतिपादयन्ती श्रीकृष्णे चन्द्रावलीराधिकयोर्पूर्वानुरागं विशाखाललितादिपञ्चसखीनामाविर्भाव-वृत्तान्तञ्च कथयामास। ततः प्रभातप्रायायां रजन्यां गोकुले यदा गोपाङ्गनाः विविधाः लीलाः कुर्वन्त्यश्चासन् तदैव कंसराजप्रेषितः शङ्खचूडो नाम दैत्यः रत्न-सिंहासनाधिरूढां राधिकां रत्नसिंहासनसहितामेव मायामुद्राव्यापजहार । परं सखीनां व्याकुलितरवं श्रुत्वा कृष्णबलरामौ लताकुञ्जतः निर्गत्य शङ्खचूडमाजघ्नतुः तस्य शिरसः स्यमन्तकमणिञ्च सञ्चिक्यतुः।

गोकुले श्रीकृष्णं बलदेवञ्चानेतुं मथुरां समाजगामाक्रूरः । तामिमां प्रवृत्तिमुपश्रुत्य मथुरां गच्छन्तौ श्रीकृष्णबलदेवौ रथारूढौ समवलोक्य गोपाङ्गनाः विह्वलाः परिदेवनतत्पराश्चासन्नतीवतद्विरहकातराः तद्वारणतत्पराश्च परन्तत्रासमर्थाः रथसमेतं श्रीकृष्णं दृष्टिपथादतिक्रान्तं विज्ञाय भृशं रुरुदुः । तदानीं राधापि विशाखया सह सुबहु विलपन्ती

कालियदाहे आत्मानं निपात्य सूर्यलोकमध्यगच्छत् । ललितापि परिखिन्ना पर्वतशिखरादात्मानं पातयाम्बभूव । एतेन सर्वेणाहता वृन्दापि यदा यमुनाक्रोडे गन्तुमुद्यता तदा आकाशवाण्या उक्तिम् – श्रीकृष्णस्यागमनं पुनः ब्रजे भविष्यतीति श्रुत्वा विरमति। तत्र चन्द्रावल्यपि करालागृहे शोकाच्छन्ना सन्तिष्ठति।

रङ्गमञ्चे उद्धवगार्ग्यो: कथोपकथनं दृश्यते – यत्र उद्धवकंसयोर्वधादारभ्य नरकासुरस्य १६१०० कन्यकानामपहरणस्य गूढवृत्तान्तं श्रावयति । अत्र द्वारिकायां पौर्णमासी सति गोपिकाशून्ये गोकुले खिन्नस्य श्रीकृष्णस्य मनोविनोदाय रूपकं प्रस्तोतुमुपक्रमते ।

ततः नारदपौर्णमास्योः संवादमाध्यमेन चन्द्रावलीकृष्णयोः विवाहप्रसङ्गः वर्णितः । ततः परं उद्धवः नारदमुनिं सत्राजितप्रसङ्गमब्रवीत् – सत्राजिततपसा सुप्रीतः सूर्यः सत्राजिन्नरपतये स्यमन्तकमणिः राधिकाञ्च सत्यभामेत्याख्याम् अर्पयामास । तत्र उद्धवेन पृष्टे सति नारदमुनिः विरहासक्तानां गोपाङ्गनानां सखीनाञ्च प्राणत्यागरहस्यमुद्घाटयन् जम्बवानकथां श्रावयाम्बभूव ।

ततश्च मधुमंगलेन रहसि वार्त्तासमये राधिकाविरहयोगादधीरासहस्य श्रीकृष्णस्य मधुमङ्गलेन सत्राजितं प्रति स्यमन्तकमणेः प्रेषणं वर्णितम्। तदनन्तरं राधाकृष्णयोप्रेम्णः पराकाष्ठायाः द्वित्रेषु स्थलेषु रुक्मिण्याश्च वर्णनम्, तथा च मात्सर्यभावेन सत्याचन्द्रवल्योः परस्परं रूपपरिवर्त्तनम् इत्यादीनि बहूनि कथाप्रसङ्गानि वर्णितानि ।

स्यमन्तकमणिमधिगत्य सत्यभामा यदा आत्मनः राधिकात्वं चन्द्रावलीभगिनीत्वञ्च रुक्मिणीमभिधत्ते तदा रुक्मिणी सर्वब्रजवासिनां द्वारिकायामुपस्थितौ द्विगुणतरहर्षेण राधिकायाः श्रीकृष्णेन सह पाणिग्रहणमहोत्सवं निवर्त्तयति । तथैवं नन्दयशोदाप्रभृतयः सम्बन्धिनोऽखिलाश्च देवगणा अपि समागत्य महोत्सवस्य द्विगुणां

शोभामुपजनयन्तः आनन्दस्य परं कोटिमधिगच्छन्ति । इत्थं भक्तिश्रृङ्गारयुतं नाटकमिदं परिपूर्णतां याति ।।

ललितमाधवम्

रघुनाथकीर्तिपरिसरः,

देवप्रयागः

कथासारः **(हिन्दी)**

श्रीरूपगोस्वामी स्वयं ही सूत्रधार के रूप में आकर नाटक की रचना में प्रधान कारण श्री गोपीश्वर महादेव के स्वप्नादेश को बताते हैं। तत्पश्चात् देवर्षि नारद की अन्तेवासिनी सान्दीपनी मुनि की जननी पौर्णमासी अपनी शिष्या गार्गी को चन्द्रावली/रुक्मिणी एवं तारा/सत्या/राधा के विचित्र जन्मवृत्तान्त को कहती हुयी विन्ध्याचल पर्वत का इन दोनो कन्याओं के प्रति पितृत्व-भाव सूचित करती हुयी चन्द्रावली और राधा को परस्पर भगिनी बताती हैं फिर विन्ध्याचल से राधा को गोकुल तथा चन्द्रावली को विदर्भदेश के कुण्डिनपुर कौन लाया ? गार्गी के ऐसा पूछने पर पौर्णमासी ने वह पूरा वृत्तान्त सुनाया । अभिमन्यु गोप के साथ राधा तथा गोवर्द्धनमल्ल के साथ चन्द्रावली के उद्वाह को भी मायाविवर्त बताते हुए श्रीकृष्ण में चन्द्रावली तथा राधिका के पूर्वानुराग को बताकर विशाखा ललितादि 5 सखियों का आविर्भाव भी बताया ।

तदुपरान्त प्रभात बेला में गोपाङ्गनाएँ विविध क्रीडारत हैं। तभी कंस द्वारा प्रेषित शंखचूड नामक दैत्य रत्नसिंहासन पर बैठी हुई राधा को हर लेता है, लेकिन सखियों के शोर मचाने पर कृष्ण एवं बलराम लता - कुञ्जों से निकल कर आते हैं तथा कृष्ण शंखचूड को मारकर उसके सिर से स्यमन्तक मणि निकाल लेते हैं। तदनन्तर तृतीय अङ्क में अक्रूर कृष्ण और बलराम को लेने के लिए गोकुल पहुँचते हैं। मथुरा जाते हुए कृष्ण-बलराम को देखकर सभी गोपियाँ भीषण रुदन क्रन्दन करतीं तथा राधा

विशाखा के साथ कालियदह में उतरकर सूर्य मण्डल में प्रवेश कर जाती हैं। ललिता गोवर्धन शिखर से कूद पड़ती हैं। वृन्दा को आकाशवाणी यह कहते हुए यमुना में कूदने से रोक देती है कि श्रीकृष्ण पुनः ब्रज में आयेंगे। इधर चन्द्रावली (रुक्मिणी) भी कराला के घर में तड़पती रह जाती हैं। तदन्तर रंगमंच पर गार्गी तथा उद्धव का कथोपकथन होता है, जिसमें उद्धव कंस वध से लेकर नरकासुरद्वारा 16100 कन्याओं के अपहरण का सुगूढ़ वृत्तान्त सुनाते हैं। इधर द्वारिका में गोकुल के गोपिकाशून्य हो जाने पर खिन्न मन वाले श्रीकृष्ण के लिए मनोविनोद के लिए पौर्णमासी वृन्दावन कथावस्तु पर आधारित रूपक का आयोजन करवाती है।

तदनन्तर नारद व पौर्णमासी के संवाद द्वारा रुक्मिणी / चन्द्रावली का कृष्ण के साथ विवाह प्रसङ्ग वर्णित है। इसके अनन्तर उद्धव जी नारद को सत्राजित का प्रसङ्ग सुनाते हुए बताते हैं कि सत्राजित का आराधना से प्रसन्न हो सूर्य देव ने स्यमन्तक मणि तथा श्रीराधा (जो सूर्य देव के पास पहले थीं) को 'सत्या' नाम बताकर दिया। तदनन्तर उद्धव जी के पूछने पर नारद जी विरहयुक्त गोपियों तथा प्राणत्यागा सखियों के रहस्य को उद्घाटित करते हुए जाम्बवान का प्रसङ्ग सुनाते हैं। तदनन्तर श्रीकृष्ण मधुमंगल के साथ रहस्य वार्तालाप करते हुए राधा के विरह में अति अधीर हो जाते हैं और मधुमंगल से स्यमन्तकमणि को सत्राजित को देने के लिए भिजवा देते हैं। तदनन्तर सत्या (राधा) के कृष्ण विषयक प्रेम-पराकाष्ठा का वर्णन तथा किन्हीं - किन्हीं स्थलों पर रुक्मिणी का मात्सर्य भाव, सत्या एवं चन्द्रावली का आपस में रूप परिवर्तन ऐसी बहुत सारी कथाएँ वर्णित हैं। अन्त में सभी वृत्तान्त को जानकर चन्द्रावली का सत्या के प्रति भगिनीत्व भाव उदय होता है। सम्पूर्ण ब्रजवासी द्वारका में उपस्थित होते हैं। रुक्मिणी सभी के समक्ष सत्या (राधा) को श्रीकृष्ण के हाथ मे सौंप देती है। इस प्रकार नन्द

यशोदा सहित सम्पूर्ण पारिकर एवं देववृन्द प्रसन्न हो उठते हैं। इस प्रकार भक्ति श्रृंगार युक्त यह नाटक पूर्ण होता है ॥

श्रीकृष्णचन्द्राभ्युदयम्

श्रीदीवानकृष्णकिशोरसनातनधर्म-आदर्शसंस्कृतमहाविद्यालयः, अम्बाला, हरियाणा

कथासारः **(संस्कृतम्)**

, तत्र प्रथमे अङ्के आदौ नान्दीपाठः, तदनु सूत्रधारनट्योः संवादेन नाटकपरिचयः, तत्पश्चात् श्रीद्वारकायां राज्यं पालयतः श्रीकृष्णप्रभोः एकस्मिन् दिवसे महति प्रत्यूष एवोत्थाय अज्ञातं बहिर्गमनम्, तदनु त्यक्तनिद्राणां राज्ञीनां श्रीकृष्णदर्शनेन परस्परं पृच्छा । अत्र रुक्मिणी-सत्यभामा-जाम्बवती इत्येतासां मिथः वाग्व्ययो भवति श्रीराधायां श्रीकृष्णस्यात्यन्तं रागः इति शङ्कितवत्या सत्यभामया सह चारुस्वभावयुक्तायाः रुक्मिण्याः कश्चिद् वाग्व्यव्यवहारः । एतदनन्तरं नेपथ्ये कश्चिद् स्वरः श्रूयते, सर्वाः आश्चर्यं प्रकटयन्ति, तदनु श्रीकृष्णो अवतीर्णो भवति । पश्चात् रुक्मिण्या सह श्रीकृणस्य संवादो वर्तते शिवरात्रिरद्य, शिवपूजनाय गतवान् इत्यवदत् श्रीकृष्णः, अत्र सर्वाः अपि पूजनाय उत्सुक्यो भवन्ति ।

शिशुपालदन्तवक्रयोर्मिथः संलापेन श्रीकृष्णपुत्रहरणादि संकल्पावेदनम्, देवकीवसुदेवयोः श्रीकृष्णसन्ततये श्रीदेवर्षिणा नारदेन उपदिष्टवचनानुसारेण श्रीकृष्णस्य तपोवनं प्रति प्रेषणम् ।

आदौ रुक्मिण्यादीनां श्रीकृष्णवियोगप्रयुक्तचिन्ता, श्रीकृष्णपुत्रलाभाय रुक्मिण्यादयः श्रीशिवम् अर्चयन्ति, पूजान्ते सर्वाः मूर्छां सम्प्राप्ताः ततः ललितया सह श्रीराधा प्रविशति, श्रीराधा सर्वासां मूर्च्छाम् अपनयति, रुक्मिण्या सह राधायाः संवादो वर्तते, पश्चात् कैलासाद् आगता पार्वती, सर्वाः श्रीपार्वतीं पूजयन्ति प्रणमन्ति च, अत्र दिव्यदृष्टिदानस्य चर्चां करोति जगदम्बा पार्वती ।

सर्वाः मिलित्वा दिव्यदृष्टिद्वारा तपोवननिवसन्तं श्रीकृष्णं पश्यन्ति, अत्रैव सुदाम्नः प्रवेशः प्रसङ्गादत्र मैत्रीमाहात्म्यकथनम् । श्रीकृष्णेन सुदाम्ने सालोक्यादिमुक्तित्रयदानम् । पश्चात् श्रीकृष्णेन सहस्रकमलेन शिवोऽर्च्यते तन्मध्ये एव शम्बरेणागत्य एकं कमलं हृतम्, तदानीमेव श्रीकृष्णेन स्वनेत्रकमलमुद्धृत्य सहस्रसंख्यापूरणात् प्रसन्नेन शिवेन प्रतिकलत्रमेका पुत्री पुत्रदशकञ्च भविष्यतीति वरं दत्त्वान्तर्दधौ ।

पुनस्तपप्रसन्नात् महेश्वरात् सुदामा तत्पत्नी सुशीला च श्रीकृष्णस्य सद्यः इष्टसिद्धिं वृणुतः तावदेव श्रीकृष्णकृतकृत्यं सुदाम्नः पुरतः आगच्छति, महेश्वरात् सुदाम्ने कैवल्यमुक्तिदानाय प्रेरयति । सुधर्मासभायामुग्रसेनवसुदेवादीनामग्रे श्रीकृष्णराज्ञीनां सीमन्तोन्नयनप्रसङ्गेन वस्त्रालङ्कारादिदानाय आगता भीमसेनादयः तिष्ठन्ति, तावदेव आगत्य दासीभिः पुत्रजन्मनिवेदनम्, तदनु ब्राह्मणानाम् आशीर्वादः । इत्यनेनैव पुर्णतामेति ।

श्रीकृष्णचन्द्राभ्युदयम्

श्रीदीवानकृष्णकिशोरसनातनधर्म-आदर्शसंस्कृतमहाविद्यालयः, अम्बाला, हरियाणा

कथासार **(हिन्दी)**

नाटक का प्रारम्भ नान्दी पाठ से होता है , इसके पश्चात् इसके बाद सूत्रधार और नटी के संवाद से नाटकपरिचय, कथावस्तु में सर्वप्रथम द्वारकाधीश एक दिन प्रातः काल रानियों को बिना बताए कहीं चले जाते हैः, रुक्मिणी आदि रानियां भगवान का दर्शन न पाकर परस्पर पूछती हैं, सत्यभामा कहती हैं कि प्रभु राधा के पास गये होंगे, अचानक से कोई स्वर सुनाई देता है शायद वह देवर्षि नारद का है, उसी समय श्रीकृष्ण प्रगट होते हैं, और वह बताते हैं कि मैं शिवपूजन हेतु कुशेश्वर मन्दिर गया था । सभी सभी रानियां उलाहना देती हैं कि आप हमें क्यों नहीं ले गये, भगवान कृष्ण कहते हैं कि भक्ति स्वेच्छा से होती है दबाव में नहीं

इसलिए मैंनें नहीं कहा, किन्तु यह काल प्रदोष व्रत का है पूजन का समय आ चुका है, यदि आप सभी इच्छुक हैं तो चलें ।

श्रीकृष्ण के पुत्र के अपहरण हेतु शिशुपाल और दन्तवक्र के मध्य संवाद है, उसके पश्चात् देवकी और वसुदेव श्रीकृष्ण की सन्तति हेतु श्रीकृष्ण को तपोवन में प्रेषित करते हैं ।

रुक्मिणी आदि रानियां कृष्ण वियोग में चिन्तित हैं और सभी पुत्र प्राप्ति हेतु भगवान शिव की पूजा करती हैं पूजा की अन्तिम अवस्था में सभी मूर्च्छित हो जाती हैं उसी समय ललिता सखी के साथ राधा का प्रवेश होता है, राधा सभी की मूर्च्छा को दूर करती हैं, ठीक उसी समय कैलास से श्रीपार्वती आती हैं सभी माता पार्वती का पूजन करती हैं, माता पार्वती सभी को श्री कृष्णदर्शन हेतु दिव्यदृष्टि देने की बात करती हैं । पश्चात् सभी सायंकालीन पूजादि कार्य को करने हेतु प्रस्थान करती हैं ।

सभी मिलकर माता पार्वती द्वारा प्रदत्त दिव्य दृष्टि के द्वारा तपोवन में निवास करते हुए श्रीकृष्ण को देखती हैं, कृष्ण के आ जाने पर सुदामा का प्रवेश होता है, प्रसङ्गानुसार मैत्रीमाहात्म्य का वर्णन है, श्रीकृष्ण सुदामा को तीन लोक प्रदान करते हैं, इसके बाद श्रीकृष्ण सहस्त्रकमलों से शिव की पूजा करते हैं, उसी समय शम्बर नामक राक्षस एक कमल पुष्प को ले गया, संख्यापूर्ति के लिए भगवान श्रीकृष्ण अपने नेत्ररूपी कमल को भगवान शिव पर अर्पित करते हैं, उनके पूजन से भगवान शिव प्रसन्न होकर दश पुत्र एवं एक पुत्री का वरदान देकर अन्तर्ध्यान हो जाते हैं ।

सुदामा और उनकी पत्नी सुशीला महेश्वर के तप के प्रभाव से भगवान श्रीकृष्ण की इष्टसिद्धि का वर्णन है, उसी समय सुदामा के सामने श्रीकृष्ण का आगमन होता है, और श्रीकृष्ण कैवल्यमुक्ति हेतु सुदामा को प्रेरित करते हैं पश्चात् रुक्मिणी आदि रानियों का सीमन्तोन्नयन संस्कार होता है ।भीमसेनादि सभी की उपस्थिति रहती है, दासियां आकर पुत्र

जन्म का वृत्तान्त सुनाती हैं, ब्राह्मणों के आशीर्वाद से कथा का अन्त होता है ।

उत्तररामचरितम्

श्रीरणवीरपरिसरः, जम्मूः

नाटकस्य सारांशः (संस्कृतम्)

अष्टावक्रः कौशल्याप्रभृतिराज्ञीनां सन्देशं दत्त्वा रामं वदति यत् सीतायाः गर्भधारणस्य यत्किमपि इच्छा अस्ति चेत् सा पूर्णा भवेत्। लक्ष्मणः रामं सीतां च माल्यावनपर्यन्तं चित्राणि क्रमेण दर्शयति। तस्मिन् एव काले सीता गङ्गास्नानकामं प्रकटयति । अत एव दुर्मुखः गुप्तचरः सीतायाः विषये जनमतप्रसारस्य विषये रामं सूचयति। रामः जनहिताय सीतां त्यक्तुं निश्चयं कृत्वा सुप्तां सीतां त्यजति। दुर्मुखः पुनः आगत्य सीतां कथयति यत् कुमार-लक्ष्मणः उक्तवान् यत् रथः अलङ्कृतः अस्ति, देवी आरुह्य भवेत्।

अत्रेयी नाम्नी तापसी वनदेवी-वासन्त्योः संवादात् ज्ञायते यत् रामः अश्वमेधयज्ञं कर्तुं गच्छति, महर्षि वाल्मीकिः बुद्धिमान् बालकद्वयं पालयति। रामः शूद्रतपस्वीं शम्बुकं हन्ति |

सीतायाः विरहेण कृशः रामः पञ्चवटीं प्रविशति तदा सीतया सह व्यतीतस्य समयस्य स्मरणं कृत्वा सीतायाः विरहेण कृशः भवितुं शक्नोति। अतः सः रामस्य संचालने सावधानः भवेत्। तामसकथायां सीतायाः गङ्गायां निक्षेपः, कुशलवस्य जन्म, सीतायाः अगाधं गमनम्, गङ्गायाः दुग्धं त्यक्त्वा कुशलवं वाल्मीकिं समर्प्य इति घटनायाः अपि उल्लेखः अस्ति । गङ्गा पंचवटीं प्रविशति सीतां गृहीत्वा अदृश्यरूपेण। रामस्य पञ्चवटीनिवासकालं स्मरन् सः पुनः पुनः मूर्च्छितः भवति। तामसवसन्तयोः निर्देशानुसारं सीता रामस्य स्पर्शं कृत्वा श्मश्रुं हरति। पश्चात् रामः अयोध्यां प्रति आगच्छति।

जनक,-कौशल्या-अरुन्धती-वसिशष्ठादयः वाल्मीकि-आश्रमे आगच्छन्ति । तस्मिन् एव काले वटुकक्रीडां कुर्वन् बालकः जनकं

कौशल्यं च आकर्षयति । कोसल्या जनकश्च बालस्य परिचयस्य विषये पृच्छतः। तस्मिन् एव काले बटुकद्वारा आश्रमपरिसरस्य अश्वः आगतः इति ज्ञायते । लवः वदति यत् एतत् अश्वं पङ्कशकटैः आश्रमपरिसरं नेतव्यम्।

लक्ष्मणस्य पुत्रः चन्द्रकेतुः सूतसुमन्त्रेण सह प्रविशति | लवः चन्द्रकेतुसैन्यं झृम्भकास्त्रस्य साहाय्येन स्तब्धं करोति । चन्द्रकेतुः प्रेम्णः धैर्येण आकृष्टः भवति। प्रबलभाषणेन संवादं कुर्वन्तौ वीरौ युद्धाय सज्जौ भवतः ।

लव-चन्द्रकेतुयोः युद्धस्य सूचना विद्याधर-विद्याधारी-माध्यमेन भवति । अथ रामः युद्धस्थलम् आगत्य तं युद्धात् निवर्तयति । कुशं लवं च दृष्ट्वा रामस्य हृदयं प्रेम्णा प्रफुल्लितं भवति। रामस्य आज्ञानुसारं लवः जृम्भकास्त्रं प्रतिगृह्णाति। सैनिकाः यथास्थितिं प्रति आगच्छन्ति।

रामलक्ष्मणसहिताः सर्वे चराचराः नाटकं द्रष्टुं गङ्गायाः तटं प्राप्नुवन्ति । प्रसवदुःखेन पीडितायाः गङ्गायां निमज्जन्त्याः सीतायाः सन्दर्भे रामः विचलितः भवति । लक्ष्मणः तान् यथास्थितिविषये बोधयति। सीतायाः नरकावरोहस्य दृश्यं दृष्ट्वा रामः मूर्च्छितः भवति। रामस्य चैतन्यं सीतास्पर्शात् अभिभूतम् | अरुन्धती ग्रामजनान्, मण्डलस्य जनान् च पृच्छति, "किं भवन्तः अद्यापि सीतायाः प्रमाणं इच्छन्ति? " सर्वे लज्जिताः भवन्ति। अन्ततः वाल्मीकिः लवं कुशं च आनयति। नाटकस्य समाप्तिः भरत-वाक्येन सह सुखेन भवति।

उत्तररामचरितम्

श्रीरणवीरपरिसरः, जम्मूः

नाटक का सारांश (हिन्दी)

अष्टावक्र कौशल्या प्रभृति महारानियों का सन्देश देते हुए राम से कहते हैं कि सीता को गर्भावस्था की जो भी अभिलाषा हो वह पूरी होनी चाहिए। लक्ष्मण राम और सीता को माल्यवान पर्यंत तक के चित्रों का बारी बारी अवलोकन कराते हैं। इसी समय सीता गङ्गा स्नान की

अभिलाषा प्रकट करती है। तभी दुर्मुख नाम गुप्तचर राम को सीता के विषय में फैले हुए जनापवाद की सूचना देता है। राम लोकानुरञ्जन हेतु सीता का परित्याग करने का निश्चय करके सोती हुई सीता को छोड़कर निकल जाते हैं। दुर्मुख पुनः आकर सीता से कहता है कि कुमार लक्ष्मण ने बताया है कि रथ सज्जित है, देवी आरूढ़ हों।

आत्रेयी नामक तापसी और वनदेवी वासन्ती के संवाद से ज्ञात होता है कि राम अश्वमेध यज्ञ करने जा रहे हैं और महर्षि वाल्मीकि दो कुशाग्रबुद्धि बालकों का लालन-पालन कर रहे हैं। राम शूद्र तपस्वी शम्बूक का वध करते हैं।

तमसा और मुरला नामक नदियों के संवाद से पता चलता है कि मुरला अगस्त्यपत्नी लोपामुद्रा का यह सन्देश नदी श्रेष्ठ गोदावरी से कहने जा रही है कि सीता वियोग में कृशकाय हुए राम पंचवटी में प्रवेश करने पर सीता के साथ में व्यतीत किए गये समय का स्मरण करके संज्ञाशून्यता की दशा को प्राप्त कर सकते हैं। अत: उन्हें राम की संभाल करने के लिए सावधान हो जाना चाहिए। तमसा के कथन से सीता द्वारा स्वयं को गङ्गा में निक्षिप्त करने, कुश लव के उत्पन्न होने, सीता का रसातल जाने, दूध छोड़न के बाद गङ्गा द्वारा कुश लव को वाल्मीकि को समर्पित करने की घटना का भी उल्लेख होता है। गङ्गा सीता को अदृश्य रूप में साथ लेकर पञ्चवटी में प्रवेश करती हैं। राम पञ्चवटी निवास के समयों का स्मरण कर पुनः पुनः मूच्छित हो जाते हैं। तमसा और वासन्ती के निर्देश पर सीता राम का स्पर्श करके उनकी मूच्छा दूर करती है। बाद में राम अयोध्या लौट आते हैं।

जनक, कौशल्या आदि रानियों, अरुन्धती, वसिष्ठ आदि का वाल्मीकि के आश्रम में आगमन होता है। उसी समय बटुकों के साथ खेलता हुआ बालक लय जनक और कौशल्या को आकर्षित करता है। कोशल्या और जनक बालक का परिचय पूछते हैं। लव भी उनका परिचय ज्ञात करता है। उसी समय बटुकों के द्वारा लय को ज्ञात होता है कि आश्रम परिसर में एक घोड़ा आया हुआ है। बालक लव को उपर ही खींच ले जाते है। लव कहता है कि इस घोड़े का मिट्टी के ठेलों से खदेड़ते

हुए आश्रम परिसर में ले चलो। उसी समय अश्व-रक्षक पुरुष के डाँटने पर बालक भाग जाते हैं।

लव झृम्भकास्त्र के द्वारा चन्द्रकेतु की सेना को संस्तम्भित कर देता है। चन्द्रकेतु लव की धीरता से आकर्षित होता है। ओजपूर्ण वाणी में संवाद करते हुए दोनों वीर युद्ध के लिए उद्यत हो जाते हैं।

विद्याधर और विद्याधरी के द्वारा लव और चन्द्रकेतु के युद्ध की सूचना मिलती है। तभी राम युद्ध स्थल पर आ जाते हैं और उन्हें युद्ध से विरत करते हैं। कुश और लव को देखकर राम के हृदय में उनके प्रति वात्सल्य उमड़ आता है। राम के कहने पर लव झृम्भकास्त्र वापस ले लेता है। सैनिक यथास्थिति में आ जाते हैं।

राम-लक्ष्मण सहित समस्त चराचर नाटक देखने के लिए गंगा तट पर पहुँचते हैं। प्रसव वेदना से पीडित सीता स्वयं को गङ्गा में निक्षिप्त करने के प्रसंग में राम व्याकुल हो जाते हैं। लक्ष्मण उन्हें यथास्थिति का ज्ञान कराते हैं। सीता के पाताल गमन के दृश्य को देखकर राम मूर्च्छित हो जाते हैं। सीता के स्पर्श से राम की मूर्च्छा दूर हो जाती है। अरुन्धती पुरवासियों और जनपदवासियों से पूछती है, "क्या अब भी तुम्हें सीता के प्रति प्रमाण चाहिए?" सभी लज्जित हो जाते हैं। अन्त में वाल्मीकि लव कुश को लेकर आते हैं। यह नाटक सुखान्त होकर भरत-वाक्य के साथ समाप्त हो जाता है।

महावीरचरितम्

एस. डी. आदर्शमहाविद्यालयः, हिमाचलप्रदेशः

(संस्कृतम्)

विश्वामित्रयज्ञे कुशध्वजः सीतोर्मिलासहितः समुपस्थितः भवति। यज्ञे विघ्नोत्पादकान् ताटकादिराक्षसान् रामः हन्ति। अनेन सर्वे सुप्रसन्ना भवन्ति। यद्यपि रावणदूतः सीतया सह विवाहस्य प्रस्तावं स्वीकृत्य समायाति किन्तु शिवधनुषः भञ्जनेन रामशौर्येण च प्रसन्नः राजा विश्वामित्रादयश्च रामसीतयोः अन्येषां च विवाहं सम्पादयन्ति।

रावणमन्त्री माल्यवान् शूर्पणखया सह मन्त्रणां कृत्वा रामं हन्तुं योजनां करोति यत् शिवधनुर्भञ्जकं रामं मारयितुं परशुरामोत्तजनं कर्तव्यमिति किन्तु परशुरामोऽपि रामस्य सुव्यवहारकारणात् सुप्रसन्नः स्वधनुरपि रामाय एव प्रददाति। अनेन अत्यन्तं कुपितस्य माल्यवतः पुनः षड्यन्त्रेण शूर्पणखा अयोध्यातः मिथिलां गच्छन्त्याः कैकेयीदास्याः मन्थरायाः शरीरे प्रविश्य सर्वेभ्यः रामवनवासस्य भरतराजतिलकस्य च विषये कैकेय्याः वरद्वयस्य सन्देशं श्रावयति। एतच्छ्रुत्वा राम-सीता-लक्ष्मणाः राजवेशभूषां परित्यज्य वानप्रस्थवस्त्राणि धृत्वा प्रस्थानं कुर्वन्ति।

पञ्चवट्यां मायाविहरी-माध्यमेन रावणः सीतायाः हरणं करोति। जटायुः यद्यपि पूर्णशक्त्या रावणं हन्तुमुद्युक्तः किन्तु अन्ततः पराजितः सन् रामस्याङ्के प्राणत्यागं करोति। माल्यवान् पुनः स्वषड्यन्त्रेण रावणेन सह मैत्र्याः प्रसङ्गद्वारा वानरराजं वालिं रामवधाय प्रेरयति किन्तु रामः युद्धे वालिनं नहन्ति । मरणकाले एव वाली सर्वान् वानरान् श्रीरामसाहाय्यार्थं प्रेरयति । ततः परं अङ्गदः रामसन्देशं स्वीकृत्य रावणसभायां गत्वा रावणं बोधयति किन्तु रावणः तस्यैव दण्डनस्य आदेशं करोति। अन्ततः रामसेतुनिर्माणेन रामस्य समग्रसेना लङ्कायां प्रविशति। श्रीरामः रावणं नहन्ति। अन्ते च श्रीरामसीतयोः सुखदमेलनेन सहैव रूपकमिदं सम्पन्नतामेति।

महावीरचरितम्

एस. डी. आदर्शमहाविद्यालयः, हिमाचलप्रदेशः

(हिन्दी)

विश्वामित्र यज्ञ में राजा कुशध्वज सीता और उर्मिला सहित पधारते हैं। यज्ञ में विघ्न उत्पन्न करने वाले ताटका आदि राक्षसों का वध राम करते है जिससे सभी प्रसन्न होते हैं। यद्यपि रावण का दूत सीता से विवाह के लिए रावण का सन्देश लेकर आता है। तथापि शिव धनुष को तोडने पर राम की वीरता से प्रसन्न राजा एवं विश्वामित्रादि राम सीता

आदि का विवाह करवाते है। रावण का मन्त्री माल्यवान् शूर्पणखा से विचार करके राम को मारने की योजना बनाते है कि शिवधनुष को तोडने वाले राम को मरवाने के लिए परशुराम को उत्तेजित किया जाए। किन्तु परशुराम भी राम के व्यवहार से प्रसन्न होकर उन्हें अपना धनुष प्रदान करते हैं। इससे अत्यन्त कुपित माल्यवान् के पुनः षड्यन्त्र से शूर्पणखा अयोध्या से मिथिला जा रही कैकेयी की दासी मन्थरा के शरीर में प्रविष्ट होकर सभी को रामवनवास एवं भरत राजतिलक का कैकेयी का दो वरों वाला सन्देश सुनाती है। जिसे सुनकर राम सीता तथा लक्ष्मण राजवेशभूषा छोडकर वानप्रस्थ वस्त्र धारण करके प्रस्थान करते है।

पञ्चवटी में मायावी हिरण के माध्यम से रावण सीता का हरण करता है। जटायु यद्यपि पूर्ण शक्ति से रावण को मारने की कोशिश करते है तथापि अन्ततः हारकर राम की गोद में प्राण त्याग देते हैं। माल्यवान् पुनः अपने षडयन्त्र से रावण की मैत्री की दुहाई देकर वाली को राम वध के लिए प्रेरित करते है किन्तु राम युद्ध में बाली का वध कर देते है। मरते समय वाली सभी वानरों को राम की सहायता के लिए प्रेरित करते है। उसके पश्चात् अङ्गद राम का सन्देश लेकर रावण सभा में पहुंचकर रावण को समझाते है किन्तु रावण उन्हें ही दण्ड देने की बात करता है। अन्ततः रामसेतु के निर्माण के साथ ही राम की समग्र सेना लङ्का में प्रवेश करती है। तथा श्रीराम रावण का वध कर देते हैं। अन्त में श्रीराम सीता के मिलन के साथ यह रूपक सम्पन्न होता है।

वेणीसंहारम्

श्रीभगवानदास-आदर्शसंस्कृतमहाविद्यालयः, हरिद्वारम्

(संस्कृतम्)

प्रस्तावनायां श्रूयते यत् पाण्डवस्य दूतो भूत्वा भगवान् श्रीकृष्णः कौरवपाण्डवयोस्सन्धिं सम्पादयितुं गच्छति। इति श्रुत्वा सूत्रधारः

भगवता संधिप्रस्तावस्य प्रशंसां कुर्वन् शरत्समयवर्णनव्याजात् कौरवस्यापि मंगलकामनां प्रस्तौति।

कौरवस्य स्वास्थ्यकामनां श्रुत्वैव क्रुद्धो भीमसेनः तस्य तर्जनं नेपथ्यादेव करोति। भीमस्य क्रोधपूर्णवचनं निशम्य भयादेव सूत्रधारः पारिपार्श्विकेन ततो निवर्तते।

क्रुद्धो भीमसेनः सहदेवेन सह वार्ताक्रमे सन्धिप्रस्तावस्य विरोधं प्रस्तौति। सहदेवो वारं वारं सन्धिप्रस्तावस्य तत्त्वं बोधयितुं प्रयासरतो वर्तते परन्तु भीमस्य क्रोधज्वाला शान्ता न भवति। स पांचालीं द्रष्टुमुपयाति। तावदेव पांचाली स्वचेट्या सह तत्रैवायाति। तत्र चेटी वदति यत् यदा पांचाली गान्धारीं प्रणमितुं गतासीत् तदा भानुमती दृष्टा यया द्रौपद्या उपहासो विहितः। तदा भीमः द्रोपदीं तोषयति यत् स स्वयं द्रौपद्याः मुक्तकेशं संहरिष्यति। तावदेव कंचुकी आगत्य वदति यत् सन्धिप्रस्तावो विफलः संजातः।

तावेदव नेपथ्ये कलकलो भवति। येन भीमो जानाति यत् युद्धस्य दुन्दुभिनादः समुत्पन्नः। द्रौपदी प्रसन्ना भवति। भीमो युद्धाय गन्तुमुद्यतो भवति। द्रौपदी सकुशलं पुनरागमनाय प्रार्थनां करोति। भीमः आश्वासयति यद् वयं पाण्डुपुत्राः रणक्षेत्रे विचरितुं कुशलाः स्मः। यावत् कौरवा नाममात्रावशेषा न भवन्ति तावत् वृकोदरस्य पुनर्दर्शनं न भविष्यति। भीमो सहदेवेन सह युद्धाय निर्गच्छति।

वेणीसंहारम्

श्रीभगवानदास-आदर्शसंस्कृतमहाविद्यालयः, हरिद्वारम्

(हिन्दी)

प्रस्तावना में सुना जाता है कि भगवान कृष्ण पांडवों के दूत होने के नाते अंत करने जा रहे हैं। कौरवों और पांडवों के बीच संधि। यह सुनकर

सूत धारण करने वाला प्रभु की संधि के प्रस्ताव की प्रशंसा करता है और कौरवों को शरद ऋतु का वर्णन करने के हित में शुभकामना देता है।

जैसे ही वह कौरवों के स्वास्थ्य की कामना सुनता है, भामीसेना क्रोधित हो जाती है और मंच से उसे धमकी देती है। भीम के गुस्से भरे शब्दों को सुनकर सूत ढोने वाला डर के मारे उससे दूर हो जाता है ।

क्रोधित भीमसेन ने सहदेव के साथ बातचीत के दौरान संधि के प्रस्ताव का विरोध किया। सहदेव बार-बार संधि प्रस्ताव का सार बताने की कोशिश करते हैं लेकिन भीम के क्रोध की ज्वाला शांत नहीं होती। वह पांचाली को देखने आता है। इसी बीच पांचाली अपने चेत को लेकर वहां पहुंच जाती है। वहाँ चेती का कहना है कि जब पांचाली गांधारी को प्रणाम करने गई तो उसने भानुमति को देखा जिसने द्रौपदी का मजाक उड़ाया था तब भीम ने द्रोपदा को आश्वस्त किया कि वह स्वयं उसके ढीले बाल खींचेगा। इसी बीच कांचुकी आता है और कहता है कि संधि प्रस्ताव विफल हो गया है ।

इसी बीच मंच पर भगदड़ मच जाती है। जिससे भीम को पता चलता है कि युद्ध के ढोल की आवाज सुनाई दी है द्रौपदी प्रसन्न होती है। भीम युद्ध के लिए तैयार हो गए। द्रौपदी उसकी सुरक्षित वापसी के लिए प्रार्थना करती है। भीम हमें विश्वास दिलाता है कि हम, पांडु के पुत्र, युद्ध के मैदान में घूमने के लिए पर्याप्त रूप से सक्षम हैं। जब तक कौरव नाममात्र के बचे रहेंगे तब तक भीम फिर दिखाई नहीं देंगे। भीम सहदेव से युद्ध करने निकल पड़े।

नाटकेऽस्मिन् विष्णुशिवयोः श्रेष्ठताम् अधिकृत्य विवादो दरीदृश्यते । सूत्राधारकथनानन्तरं सर्वादौ शैवनामकः पात्रः आगच्छति, असौ शिवस्य माहात्म्यं प्रतिपादयति । तदनु वैष्णवस्य प्रवेशः भवति, सः विष्णोः माहात्म्यं वर्णयति, शैवेन सह विवादं च कुरुते । अनेन तयोः परस्परं विवादः नितरां वर्धते । तदनु नाटकेऽस्मिन् महावैष्णवनामकं पात्रं हरिभक्तेः शिवस्याभेदं निरूपयति। किन्तु परस्परं विवादस्योपशमनं न भवति। तदनु शाब्दिक-तार्किक-मीमांसक-वेदान्तीनाम् अवतरणं कविना नाटकेऽस्मिन् कारितमस्ति । ते स्वस्वशास्त्रानुसारं तर्कम् उपस्थापयन्ति तेषां पुरतः महावैष्णवनामकं पात्रं हरिभक्तेः माहात्म्यं वर्णयति । तच्छ्रुत्वा सर्वेऽपि हरिभक्तेः मार्गं स्वीकृत्य अनुसरन्ति ।

अत्र नाटककारेण परपक्षदूषणम्, स्वपक्षस्थापनपुरस्सरं हरिभक्तेः सिद्धान्तस्थापनम् अत्यन्तविद्वत्तापूर्णरीत्या उपस्थापितमस्ति ।

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

वेदव्यास परिसर, बलाहर हि.प्र.

नाटक का सारांश (हिन्दी)

इसमें नाटककार ने स्वपक्ष मण्डन, परपक्ष खण्डन एवं सिद्धान्त प्रतिपादन इन तीनों गुणों को अत्यन्त विद्वत्तापूर्ण तरीके से अभिव्यक्त किया है । एवं अंततः भक्ति को प्रतिष्ठापित किया है । इसमें शिव तथा विष्णु की श्रेष्ठता को लेकर विवाद होता है, महावैष्णव नामक पात्र हरिभक्ति का माहात्म्य बतलाता है, नाटक में शाब्दिक, तार्किक, मीमांसक तथा वेदान्ती का अवतरण भी कराया गया है, वे अपने-अपने शास्त्र के अनुसार तर्क करते हैं और अन्ततः हरि भक्ति का मार्ग स्वीकार कर लेते हैं ।

****

रूपकप्रस्तुतिः

दानकेलिकौमुदी हिमाचलआदर्शसंस्कृतमहाविद्यालयः, हिमाचलप्रदेशः	11:00 - 11:30
ललितमाधवम् केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः, रघुनाथकीर्तिपरिसरः, देवप्रयागः	12:00 - 12:30
श्रीकृष्णचन्द्राभ्युदयम् श्रीदीवानकृष्णकिशोरसनातनधर्म- आदर्शसंस्कृतमहाविद्यालयः, अम्बाला, हरियाणा	01:00 - 01:30
उत्तररामचरितम् केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः, श्रीरणवीरपरिसरः, जम्मूः	02:30 - 03:00
महावीरचरितम् एस. डी. आदर्शमहाविद्यालयः, हिमाचलप्रदेशः	03:30 - 04:00
वेणीसंहारम् श्रीभगवानदास-आदर्शसंस्कृतमहाविद्यालयः, हरिद्वारम्	04:30 - 05:00
श्रीकृष्णभक्तिचन्द्रिका केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः, वेदव्यासपरिसरः, माचलप्रदेशः	05:30 - 06:00

केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः, श्रीरणवीरपरिसरः, जम्मूः

धन्यवादाः

क्षेमाय पुनरागमनाय च